हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–176 : जौनपुर, बुधवार 15 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## देश में दौड़ेगी दुनिया की सबसे फास्ट मैग्लेव और हॉयपर लूप ट्रेन : बुलेट और हवाई जहाज से भी तेज

वाराणसी ब्यूरो : देश में अब मैग्लेव और हॉयपर लूप ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। इसके लिए कोशिश भी शुरू हो गई है। आने वाले वर्षों में इस तरह की ट्रेनों से लोग सफर कर सकेंगे। यह ट्रेन बुलेट और हवाई जहाज से भी तेज चलेगी, जिसका किराया हवाई जहाज के किराये से कम होगा। इस संबंध में मंगलवार को बनारस रेल इंजन कारखाना में प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला के भूतपूर्व महाप्रबंधक एसके सूरी ने व्याख्यान दिया। उन्होंने इस ट्रेन के संचालन, चुनौतियों और फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसके सूरी ने आडियो व वीडियो के माध्यम से इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैग्लेव ट्रेन 500 केएमपीएच और हॉयपर लूप ट्रेन 1000 केएमपीएच की रफ्तार से चलेगी। ये ट्रेन चुंबकीय तकनीक से लौड पॉड (ट्रैक) पर चलेगी। इसके लिए खंभों के ऊपर (एलीवेटेड) लोहे की ट्यूब बिछाई जाएगी। इसके अंदर लंबी सिंगल बोगी होगी, जो हवा मैं तैरती हुई चलेगी। इसमें घर्षण नहीं होता है और इसके संचालन में बिजली का खर्च भी बहुत कम होगा। इस ट्रेन के कारण प्रदूषण भी नहीं होगा। ट्रेन का किराया हवाई जहाज से कम होगा। हालांकि अभी इन ट्रेनों के संचालन में काफी चुनौतियां हैं, लेकिन, भविष्य में चलने पर इससे काफी लाभ होगा। इस दौरान बरेका महाप्रबंधक पीके साहा के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य रामजन्म चौबे ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शिक्षा विरासत धरोहर एवं संस्कृति की मिसाल है शिराजे–ए–हिंद –कुलपति प्रोफेसर डॉ निर्मला मौर्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में आज असारे –ए– शिराजे–ए– हिंद पुस्तक का विमोचन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट जेड के फैजान की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ निर्मला मौर्य रहे कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ अलाउद्दीन ,इंकलाब उर्दू रिजीडेन्ट एडिटर जिलानी खान रहे।सबसे पहले आए हुए अतिथियों का पुष्प एवं बुके देकर प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। आए हुए अतिथियों ने सर्वप्रथम पुस्तक का विमोचन किया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने अपने संबोधन में कहा कि इस किताब से जौनपुर की तमाम धरोहर को बाकी रखा जा सकता है जौनपुर हमेशा में एक ऐतिहासिक दृष्टि से जाना एवं पहचाना जाता है हाजी जियाउद्दीन की इस कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है जिन्होंने जौनपुर के इतिहास के साथ अपनी कलम को भी जिंदा रखा आने वाली नस्लों के लिए नजीर होगा। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ निर्मला मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि जौनपुर संस्कृति विरासत तहजीब एवं शिक्षा की एक मिसाल के रूप में देश में जाना जाता है जौनपुर में बड़े से बड़े ऐतिहासिक स्थल एवं जियाउद्दीन की किताब के विमोचन से जौनपुर के धरोहर एवं विलुप्त खेलो एवं स्मारकों की पहचान जिंदा हुई है मेरे सहयोग से इस किताब का हिन्दी अनुवाद जल्द जारी किया जाएगा हिंदी अनुवाद होने के बाद इस किताब के हिंदी विमोचन पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मेरे द्वारा किया जाएगा ताकि जौनपुर के जनता इस किताब से अपनी धरोहर एवं विरासत की पहचान को जान सकें। इंकलाब उर्दू एडिटर वादुद



साजिद ने जौनपुर के कुछ ऐतिहासिक हिस्सों पर रोशनी डाली विशिष्ट अतिथि रिजीडेन्ट एडिटर जिलानी खान ने अपने संबोधन में कहा जौनपुर देश में ऐतिहासिक रूप में जाना जाता हैं। विशिष्ट अतिथि अलाउद्दीन ने जौनपुर के इतिहास के बारे में बातें साझा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि जौनपुर तहजीब का मरकज है जौनपुर एक समय में देश की राजधानी हुआ करता था जौनपुर की जमीन पर अनेकों शायर एवं इतिहासकारों की जिंदगी गुजरी है जो आज के समय में जानने और पहचानने की जरूरत है जिसको बाकी रखने के लिए इस किताब को हाजी जियाउद्दीन के द्वारा लिखी गई। अंत में आए हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर प्राचार्य के द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर जौनपुर की बुद्धिजीवी शख्सियत एवंम इंकलाब उर्दू का परिवार एवंम, जागरण ब्यूरो चीफ आनंद चतुर्वेदी, समाजसेवी जितेंद्र यादव, न्यूज एडिटर शाह आलम,डॉ जियाउद्दीन प्रधान,डॉ विजय सिंह,डॉ पी.सी विश्वकर्मा,नोमान खान, डॉ कमरुद्दीन शेख, डॉ ममता सिंह डॉ निलेश सिंह,प्रवीण यादव,मौजूद रही कार्यक्रम का संयुक्त संचालन आरिफ सिद्दीकी एवं अहमद अब्बास खान ने किया।

## उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न : मांग न माने जाने पर आन्दोलन की चेतावनी

जौनपुर देश की उपासना कार्यालय प्रतिनिधि : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर की एक बैठक सुधाकर सिंह की अध्यक्षता में सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज जौनपुर में संपन्न हुई जिसका संचालन जिलामंत्री प्रमोद सिंह ने किया।इस बैठक में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार करने के प्रांतीय संगठन एवम् अन्य संगठनों की समन्वय समिति द्वारा लिए गए निर्णय को सफल बनाने की रणनीति पर मंथन किया गया। जनपद जौनपुर में सभी 6 मूल्यांकन केंद्र पर सक्रिय सदस्यों की एक टोली बहिष्कार को सफल बनाने हेतु सक्रिय योगदान देगी जिसका अध्यक्ष एक जिले स्तर का एक पदाधिकारी टीम के साथ अवश्य मौजूद होगा। जनक कुमारी इंटर कालेज में प्रभारी दिनेश चक्रवर्ती,नगर पालिका इंटर कॉलेज में जयप्रकाश सिंह, मोहम्मद हसन इंटर कालेज जौनपुर में डा. प्रविंद सिंह,शिया इंटर कालेज में धर्मेंद्र शुक्ला तथा राजेश यादव, टी0 डी0 इंटर कालेज में रामप्रकाश सिंह एवम् जीजीआईसी के आंदोलन के प्रभारी ब्रह्मदेव यादव होगे। प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश नेतृत्व प्रतिबद्ध है।आंदोलन ही एक मात्र रास्ता है जिससे हम कुछ हासिल कर सकते हैं। जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह




ने सभी से अपील किया कि सुबह से टोली अपने केंद्र पर सक्रिय हो कर साथी परीक्षक शिक्षकों को आंदोलन में शामिल होने को प्रेरित करेगी। जिलामंत्री प्रमोद सिंह ने बताया कि इसका ज्ञापन डीआईओएस जौनपुर एवम् जिलाधिकारी जौनपुर को दिया जा चुका है। चक्रमण की एक टोली सक्रिय रहेगी जो आंदोलन को गतिशील करने के लिए काम करेंगी। इस बैठक में ब्रह्मदेव यादव, जिला उपाध्यक्ष जयशंकर सिंह,विजय सिंह,अखिलेश चंद्र,दीपक सिंह,अखिलेश सिंह,अजय सिंह,आशीष मिश्रा,दिनेश चौहान,अशोक पांडे,दिनेश यादव,तेज बहादुर,दीपक सिंह,चंद्र प्रकाश दुबे,जियालाल बिंद,रमाकांत यादव,अनुराग दुबे उपस्थित रहे।

## कायस्थ समाज को राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है तभी उत्थान होगा – वन मंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के बाद देश के संसद में एवं विधानसभा में कायस्थ समाज के सैकड़ों जनप्रतिनिधि थे आज नाम मात्र ही बचे हैं कायस्थ समाज के लोगो ने देश को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के तक के पद पर सुशोभित किया और राष्ट्रहित के लिए कार्य किया है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश सरकार के वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने वाजिदपुर में एक होटल में संगत पंगत के शपथ ग्रहण समारोह व कायस्थ महासभा के शपथ ग्रहण समारोह व कायस्थ समागम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा की आज कायस्थ समाज को राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है तभी कायस्थ समाज का उत्थान होगा कायस्थ समाज को एक दूसरे का सहयोग करके समाज के कार्य को आगे बढ़ाना होगा । वन मंत्री डॉ अरुण सक्सेना जी ने कहा मोदी सरकार योगी सरकार ने सर्व समाज के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बगैर भेदभाव के संचालित कर रही है। कायस्थ समाज भाजपाई था भाजपाई है और भाजपाई ही रहेगा । उक्त अवसर पर जौनपुर कायस्थ समाज के सभी संगठन के लोगों के मिलकर विशाल होली मिलन समारोह किया जिसमें समाज के हर संगठन के हजारों लोगों ने भाग लेकर फूल गुलाल की होली खेली। विशिष्ट अतिथि वाराणसी कैंट के विधायक सौरव श्रीवास्तव ने कहा की स्वामी विवेकानंद सुभाष चंद्र बोस डॉ राजेंद्र प्रसाद लाल बहादुर शास्त्री जयप्रकाश नारायण लाल आदि कई हस्तियों ने देश निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है कायस्थ समाज के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है आज जौनपुर में सभी संस्थाओं ने एकत्र होकर जो एकजुटता का परिचय दिया है वह पूरे देश को दिशा देने का काम करेगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष / संयोजक 2150 मनीष श्रीवास्तव ने कहा की आज पूरे देश में कायस्थ महासभा का विस्तार तेजी से हो रहा है जिसमें लोग जुड़ रहे हैं यह संगठन राष्ट्रवाद के लिए समर्पित है और योगी मोदी के नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि कायस्थ कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि आज जौनपुर में कायस्थ समाज की एक नई पीढ़ी आगे बढ़ रही है जो बधाई की पात्र है बुजुर्गों को भी आशीर्वाद देकर उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। उक्त



अवसर पर कायस्थ समाज के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न विभूतियों को कायस्थ रत्न से सम्मानित किया गया जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ निलेश कुमार श्रीवास्तव ,डॉ विवेक कुमार श्रीवास्तव शाल्वेंसन हॉस्पिटल, डॉक्टर शुभम श्रीवास्तव एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, शशि राज सिन्हा ,योगेश श्रीवास्तव ,राजेश श्रीवास्तव गुरुजी,विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक संजय अस्थाना, अमरदीप श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव छायाकार राजन श्रीवास्तव छायाकार को कायस्थ रत्न से सम्मानित किया गया । इसी कड़ी में शिक्षा के क्षेत्र में श्रीमती सिंधुजा श्रीवास्तव श्रीमती स्वरुचि श्रीवास्तव तो कला के क्षेत्र में विजय श्रीवास्तव गायक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगत पंगत के के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी व संचालन राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया एडवोकेट ने किया। आभार कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। संगत पंगत के पदाधिकारियों को वन मंत्री डॉक्टर अरुण सक्सेना जी ने पद एवम गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराया व कायस्थ महासभा 2150 के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष संयोजक मनीष श्रीवास्तव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । जौनपुर के सभी संगठन ने आए हुए अतिथियों का जोरदार माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया ।उक्त अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट प्रदीप श्रीवास्तव ऑडिटर ,डॉ अशोक अस्थाना ,डॉ रमाकांत श्रीवास्तव पूर्व प्रधानाचार्य, राजेश श्रीवास्तव, डॉ संपूर्णानंद अस्थाना, श्याम रतन श्रीवास्तव ,कायस्थ एकता मंच के अध्यक्ष दयाशंकर निगम ,राज कपूर श्रीवास्तव एडवोकेट, कार्यक्रम संयोजक शशि श्रीवास्तव गुड्डू भइया एडवोकेट कार्यक्रम सहसंयोजक उमेश श्रीवास्तव फूफा, श्यामलकांत श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव जिला महामंत्री भाजपा ,अमित श्रीवास्तव भाजपा नगर अध्यक्ष भाजपा, ड३

## 'अंतरमंडलीय सांस्कृतिक संगीत प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे अपनी रेल सेवाओं की कार्यकुशलता के साथ ही अपने सांस्कृतिक कार्यकलापों और विभिन्न गतिविधियों के लिए भारतीय रेल में अपना विशेष स्थान रखता है।अपनी पृष्ठभूमि में अनेक उपलब्धियों को समाहित किए उत्तर रेलवे अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर अग्रसर है,जहां प्रत्येक कर्मचारी के गुणों का सम्मान करते हुए उसे उसका सर्वोत्तम प्रदर्शन करने हेतु निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। रेल प्रशासन द्वारा समय–समय पर विभिन् खेल तथा सांस्कृतिक स्पर्धाओं का आयोजन किया जाता रहा है। न्यू ऑडीटोरियम आर.डी.एस.ओ. में 'अंतरमंडलीय सांस्कृतिक संगीत प्रतियोगिता' के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महाप्रबंधक,उत्तर रेलवे, आशुतोष गंगल, समारोह की विशिष्ट अतिथि, अध्यक्षा,उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, श्रीमती शिखा गंगल , मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे,लखनऊ , सुरेश कुमार सपरा व अध्यक्षा, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, लखनऊ , नीतू सपरा द्वारा दीप प्रज्वालित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । श्री सपरा द्वारा अपने संबोधन में मुख्यालय से पधारे मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथिगणों, अधिकारियों, निर्णायक मंडल के सदस्यों व सभी मंडलों और यूनिटों से आए गुणी कलाकार कर्मी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तर रेलवे के मुख्यालय, प्रत्येक मंडल, वर्कशॉप और यूनिटों से कुल 09 टीमों द्वारा प्रतियोगिता की पांच श्रेणियों में संगतकर्ताओं सहित शास्त्रीय गायन में 17, सुगम गायन में 28,शास्त्रीय वादन में 14,सुगम वादन में 14 और लोकगीत गायन




में 41 कलाकारों सहित 100 से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का रोचक एवं आकर्षक प्रदर्शन किया स इस प्रतियोगिता का निर्णय इन क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा किया गया स प्रतियोगिता के समापन पर महाप्रबंधक उत्तर रेलवे श्री आशुतोष गंगल द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमे शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान श्री प्रवीण कश्यप, ‌ैंब्लोको वर्कशॉप लखनऊ , सुगम गायन में प्रथम स्थान मिथलेश कुमार, डम्ड्ध लखनऊ मंडल , शास्त्रीय वादन में प्रथम स्थान श्री अनुराग मिश्रा, ‌ैंध लखनऊ मंडल, सुगम वादन में प्रथम स्थान श्री राजेन्द्र प्रसाद, ळ।ध्मुख्यालय नई दिल्ली, लोकगीत गायन में प्रथम स्थान श्री गगनदीप, ज्मबी प्प्/अम्बाला मंडल, ने प्राप्त किया। महाप्रबंधक उत्तर, रेलवे श्री आशुतोष गंगल ने प्रतियोगिता के सभी पुरस्कार विजेताओं सहित इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ताओं को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अपर मंडल रेल प्रबंधक–।, श्री जयंत चौधरी ने समस्त अतिथिगणों , कलाकार कर्मी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण का सादर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जौनपुर के 15 प्रतिभागी हुए चयनीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी के अवसर पर जनपद से चयनित 15 प्रतिभागियों ने कल दिनांक 14:03 2023 को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता जो वाराणसी जनपद के राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में प्रतिभाग किया। सभी 15 प्रतिभागियों में जनपद जौनपुर के तीन प्रतिभागियों ने मंडल स्तर पर प्रथम 10 स्थान में राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए ।इनमें कशिश यादव सेंट पैट्रिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जौनपुर, अभिनव कुमार मोदनवाल मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज जौनपुर ,तथा आकाश मौर्या डिप्लोमा विजय प्रताप इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी जफराबाद जौनपुर चयनित किए गए ।यह जानकारी विपनेश कुमार श्रीवास्तव समन्यवक जिला विज्ञान क्लब जौनपुर ने दिया।

## हस्तक्षेप का रोडवेज पर हुआ असर : अब कस्बे से होकर गुजरेंगी बसें

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में रोडवेज की बसों का कस्बे से संचालन न हो कर बाई पास से गुजरती थी जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था,बस संचालक यात्रियों की बात मानने के बजाय उनसे बदतमीजी किया करते थे,उनका मनोबल इतना बड़ा हुआ था कि अपराध निरोधक कमेटी (अध्यक्ष) डॉ० जयसिंह राजपूत के साथ भी वही प्रयास करना चाह रहे थे, जिसका परिणाम रहा कि उस बदतमीज ड्राइवर को कर्तव्यनिष्ठ एआरएम सीबी. राम प्रयागराज द्वारा पेनाल्टी लगा कर दंडित किया गया एवं सभी डिपो को लिखित निर्देश दिया कि,सभी रोडवेज की बसें बाईपास से न जाकर कस्बे से होकर जाएं एवं डीपों में होने के बाद ही बसों का संचालन करें ताकि यात्रियों को कोई असुविधा ना हो।

## विद्युत विभाग के कर्मचारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर 16 तारीख से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अधीक्षण अभियन्ता नोडल ई0 विवेक खन्ना ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में विद्युत विभाग के कर्मचारियों व अभियन्ताओं की मांगो को लेकर 16 मार्च 2023 की रात्रि 10:00 बजे से सांकेतिक हड़ताल पर जाने के दौरान सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने व उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित एवं ससमय निस्तारण तथा कार्यवाही हेतु कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम, जौनपुर में एक कन्ट्रोल रूम स्थापित है, जो 24X7 घण्टे चालू रहेगा, जिसका मोबाईल नम्बर 9450963636 है। उक्त कन्ट्रोल रूम के प्रभारी आपरेशन मैनेजर, वर्ल्डक्लासिक सर्विसेस लिमिटेड प्रतीक कुमार सिंह मोबाईल नम्बर 9119908497 को बनाया गया है। जनमानस को यदि विद्युत आपूर्ति सम्बन्धित कोई भी समस्या उत्पन्न होती है, तो उपरोक्त दिये गये मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क स्थापित करें।

## विक्रम प्रताप सिंह को मिली उत्तर प्रदेश शिवसेना प्रभारी की जिम्मेदारी

मुंबई। ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : शिवसेना मुख्य नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के वरिष्ठ नेता विधायक प्रताप सरनाईक अनुशंसा पर उत्तर प्रदेश शिवसेना प्रभारी (संपर्क प्रमुख) की जिम्मेदारी मीरा भाईंदर विधानसभा प्रमुख पूर्व पार्षद विक्रम प्रताप सिंह को दी है। विक्रम प्रताप सिंह पिछले एक दशक से वंदनीय



बालासाहेब ठाकरे के विचारो एवम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रतिनिधि के रूप में अयोध्या प्रवास समेत उत्तर प्रदेश का दौरा करते रहे है। शिंदे परिवार के बेहद करीबी विक्रम प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश के प्रभारी (संपर्क प्रमुख) की जिम्मेदारी मिलने से हजारों हिंदी भाषियों ने विक्रम सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की. ज्ञात हो कि विक्रम प्रताप सिंह जनपद जौनपुर के मूल निवासी हैं और जैसे ही सूचना जनपद वासियों की मिली तो लोगों ने शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया और विक्रम प्रताप सिंह समाजसेवा में तन मन धन से जुड़े रहते हैं मुंबई में उत्तर भारतीयों के लिए एक नई ऊर्जा बनकर उभरते हुए सितारें है प्रदेश की जिम्मेदारी मिलते ही उन्हों ने पार्टी के प्रति अपना आभार प्रकट किया है और पूरी कर्तव्य और निष्ठा के साथ उत्तर प्रदेश का जिम्मेदारी निभाऊंगा।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

ऐसा जीवन जीयो कि अगर कोई आपकी बुराई भी करे तो लोग उस पर विश्वास न करें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## आरोपी को विभिन्न धाराओं में 07 वर्ष का सश्रम कारावास व सात हजार रूपये के जुर्माने से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना सरायख्वाजा के जघन्य पाक्सो एक्ट के अपराध में जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को विभिन्न धाराओं में कुल मिलाकर 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 7,000– रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया। वादिनी की तहरीर पर अभियुक्त द्वारा किए गए अपराध के संबंध में थाना सरायख्वाजा में मुकदमा अपराध संख्या 637/2015 धारा 354,506 भारतीय दंड संहिता और 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा महिलाओं/बालकों के विरूद्ध हो रहे अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने व प्राचीनतम वादों को त्वरित निस्तारण हेतु उपर्युक्त अभियोग को प्रभावी पैरवी के लिए निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी की गई जिसके परिणामस्वरुप दिनांक 14.03.2023 को मननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश,पाक्सो एक्ट,(अनन्य) जौनपुर द्वारा आरोपी अंकित उर्फ काजू प्रजापति पुत्र बलराम प्रजापति नि0 बस्तीबंदगान थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को पाक्सो एक्ट की धारा 7/8 में तीन वर्ष के सश्रम कारावास व मु0–3000/– रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया, जुर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 354 भा0द0वि0 में दो वर्ष के सश्रम कारावास व मु0–2000/– रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया, जुर्माना अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 506 भा0द0वि0 में दो वर्ष के सश्रम कारावास व मु0–2000/– रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया, जुर्माना अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त की सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। उसके द्वारा पूर्व में बितायी गई कारावास की अवधि इस अवधि में समायोजित की जायेगी।

## थाना सिकरारा पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा0 अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधीयो के विरुद्ध सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष रमेश कुमार के कुशल निर्देशन में उ0नि0 विजय शंकर यादव मय हमराह के सम्बन्धित मु0अ0सं0 59/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर का सफल अनावरण करते हुए अभियोग से सम्बन्धित घटना मे अभियुक्त 1. दानिश सिंह उर्फ नमन सिंह पुत्र अनील सिंह निवासी पहसना थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर के मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.दानिश सिंह उर्फ नमन सिंह पुत्र अनील सिंह निवासी पहसना थाना सिकरारा जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास – 1.मु0अ0सं0–059/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0–72/18 धारा 392/307/411/120(b)/504/506 थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 3. मु0अ0सं0–60/20 धारा 395/411 IPC थाना पवारा जनपद जौनपुर 4. मु0अ0सं0–88/20 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना पवारा जनपद जौनपुर 5.मु0अ0सं0–118/20 धारा 379/411 IPC थाना बरसठी जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमदृ 1.थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 2. उ0नि0 विजय शंकर यादव थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 3. उ0नि0 संजय कुमार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 4.उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 5. हे0का0 अजीत यादव, का0 राजू कुमार, का0 शशी चौहान, का0 सुगन्धा कुमार, का0 अनिल गुप्ता, का0 गौरव थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

## अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के मडियाहूं तहसील के टेकारडीह गांव स्थित डीएन इण्टर कॉलेज के प्रांगण में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को प्रराम्भ करने से पहले महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कुल ध्वज को फहरा कर किया गया इस दौरान कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डां.सृष्टि पटेल,ललिता कटियार,पुजा पटेल,संजू पटेल,डॉ आर.एस.पटेल,डॉ.आर.के.पटेल,सर्वेश कटियार,हरिश्चंद्र सिंह पटेल,अरविन्द सिंह पटेल सहित तमाम अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले की अपेक्षा अब महिलायें अधिक से अधिक शिक्षित है तथा महिलाओं को शिक्षा देने के साथ–साथ अपनी संस्कृति और समाज द्वारा बनाये गये नियमों के अनुसार चलने का आवाह्न किया अतिथियों ने कहा कि महिला अब हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है हमारा देश वीरांगनाओं की गाथा से भरा पड़ा हुआ है और हम सभी लोगों को एक साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि प्रदेश के साथ–साथ देश में महिलाओं की शक्ति को पहचान दिलाना है तथा अतिथियों ने अपील करते हुये कहा कि समाज की आज इस कार्यक्रम में जिस प्रकार से महिलाये एक जुट होकर इस सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुई है इसी प्रकार से जागरूक होकर अपने हक अधिकार के लिए भी आवाज बुलंद करते रहे कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को उनके हक अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया तथा अपील किया गया कि अधिक से अधिक शिक्षा लेकर महिलाएं



शिक्षित बने ताकि अपने हक अधिकार के बारे में उन्हें किसी और का सहारा न लेना पड़े तथा अतिथियों ने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर तमाम संगठन के लोग महिलाओं को जागरूक कर रहे हैं ताकि आने वाले समय में महिलाओं के साथ जो भेद–भाव लोग रखते है उसे अब धीरे–धीरे समाप्त किया जा सके कार्यक्रम आये सभी अतिथियों को अंग वस्त्र व मेमोन्टों देकर संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही समाज की मेधावी छात्र–छात्राओं, सेवानिवृत् अधिकारी, कर्मचारी, समाज सेवी लोगों को भी सम्मानित किया कार्यक्रम में वाराणसी से आये विश्व प्रसिद्ध जादूगर रामरथी सिंह ने अपने जादू का जलवा दिखाते हुए लोगों को एक संदेश दिया कि महिलाओं का सम्मान करें तथा महिलाओं को बराबर की हिस्सेदारी व भागीदारी भी सुनिश्चित कराये कार्यक्रम दौरान डॉ सुनीता वर्मा, श्रीमती सोनी पटेल, श्रीमती सुनीता पटेल, श्रीमती रीता पटेल, श्रीमती सरिता पटेल, श्रीमती मंजू लता सिंह, श्रीमती बसंती पटेल, सुश्री समीक्षा पटेल, श्रीमती सरोजा पटेल ,श्रीमती मुन्नी पटेल, डॉक्टर प्रिया पटेल, श्रीमती निशा पटेल, श्रीमती संगीता पटेल, श्रीमती उषा देवी, श्रीमती प्रतिभा देवी, ब्लाक प्रमुख रामनगर अरविन्द पटेल,गंगा प्रसाद पटेल,शालिक राम पटेल, अमृत लाल पटेल,दूधनाथ पटेल,दीपक पटेल,रितेश पटेल, रामयश पटेल, जयसिंह पटेल, , आर.सी.पटेल,डां मनोज पटेल सहित हजारों लोग उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम का संचालन शरद पटेल व अध्यक्षता सर्वेश कटियार के द्वारा किया गया। समापन समारोह ध्वजावतरण व राष्ट्रगान से हुआ।


## टीडी महिला महाविद्यालय की सेविकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु महाविद्यालय से निकाली गई रैली

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि : राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर में आज 15/3/2023 को टीडी महिला महाविद्यालय की सेविकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु एक रैली महाविद्यालय से निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए महाविद्यालय के प्रांगण में समाप्त हुई जिसमें स्वयंसेविकाए ''बेटी को सम्मान दो, बेटे जैसा प्यार दो '' बेटी खून की पेटी का नारा और जोर से लगा कर अपने बस्तियों के लोगों को जागरूक कर रही थी आज बौद्धिक सत्र में योग गुरु हेमंत जी व श्रीमती सीमा द्विवेदी द्वारा अनुलोम विलोम प्राणायाम एवं विभिन्न प्रकार के योग आसनों का योगाभ्यास कराया तथा कहा कि स्वास्थ्य धन है और स्वास्थ्य के लिए



हमें नियमित योगाभ्यास करना चाहिए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है बीमारियों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है जो आज के परिवेश के लिए आवश्यक है कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजीव सिंह ने किया व अतिथियों का धन्यवाद डॉ रीता सिंह ने किया।

## डॉ0 रसूल फात्मा बनी जीजीआईसी की प्रिंसिपल



जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : शिक्षा और समाज के क्षेत्र में हमेशा कुछ नया करने का संकल्प लेने वाली डॉ रसूल फात्मा जीजीआईसी सुरहुरपुर की प्रिंसिपल मनोनीत हो गई हैं। श्रीमती फात्मा की पदोन्नति से शिक्षक नेताओं, कर्मचारियों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई है। जिले के सिरकोनी विकासखंड के राजकीय हाई स्कूल सुरहुरपूर में जीजीआईसी जौनपुर में कार्यरत डॉ रसूल फात्मा को प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नति हो गई है। 14 मार्च को जारी इस आदेश के अनुपालन में डॉ फात्मा ने राजकीय महिला हाई स्कूल में पहुंचकर प्रिंसिपल का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्राओं के बीच उन्होंने बैठक करके विद्यालय को बेहतर बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। उपस्थित अभिभावकों को भरोसा दिया कि शासन ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उसे बेहद ही गंभीरता के साथ निर्वहन करते हुए इस विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर किया जाएगा। विदित हो कि डॉ रसूल फात्मा पूर्वांचल विश्विद्यालय कर्मचारी नेता डॉ दिलगीर हसन की पत्नी और युवा पत्रकार तामीर हसन शीबू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज की चाची हैं। शहर के प्रतिष्ठित और राजनैतिक परिवार से जुड़ी डॉ रसूल फात्मा की पदोन्नति अक्टूबर 2022 में हो गई थी लेकिन पदस्थापन का कार्य शासन स्तर से अभी हाल ही में किये जाने से शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताई है।

## गोमती नगर जनकल्याण महासमिति का पुस्तक वितरण समारोह आयोजित





ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जय सुभाष पब्लिक स्कूल ,विशाल खंड –4, गोमती नगर के विद्यार्थियों में गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के सौजन्य से जनरल नॉलेज एवं बौद्धिक क्षमता बढ़ाने, कहानियों, भारतीय संस्कृति के विषय में कहानियां की किताबें महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल , कर्नल ए एन पांडेय ,सीजी नायर, विद्यालय की प्रबंधक संगीता पाल पत्नी स्व सुमेर पाल,विद्यालय ने बच्चों को पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में जितेंद्र पांडे ,विनोद तिवारी , अरुण कुमार पांडे , नगीना प्रसाद, हेमंत सिंह,शिव ओम अग्रवाल ,अजय,नंदिनी मिश्रा,मनोज कुमार मिश्रा एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थिति रहे। डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने स्कूल के बच्चों को पुस्तक के बारे में बताया व अपने माता–पिता के सम्मान करने की सीख दी।

## एन.एस.एस के स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज, समोधपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली द्वारा जमौली तथा आसपास के ग्रामवासियों को मतदान के लिए जागरूक किया गया । स्वयंसेवकों ने गांव




के लोगों को मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया । इसके बाद सभी शिविरार्थियों ने स्नान के बाद भोजन ग्रहण किया । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बौद्धिक सत्र का शुभारंभ जितेंद्र सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी, गांधी स्मारक पीजी कॉलेज, समोधपुर, जौनपुर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया । कार्यक्रम में सरस्वती वंदना स्वयंसेविका अंतिमा गुप्ता और शिवानी मिश्रा ने किया । स्वागत गीत आकांक्षा पांडेय एवं देशभक्ति गीत प्रियांशू पांडेय द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह विशेन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला । मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र सिंह ने देश के विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा यह भी बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज तथा देश का आवश्यक अंग है । शिविरार्थियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इन्द्र बहादुर सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अलोक प्रताप सिंह विशेन ने किया।

## समाजसेवी राजेश ने दिव्यांग बच्चो के साथ मनाया जन्म दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजसेवी व पूर्वांचल विश्वविद्यालय व्यवसाय प्रबंधन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत राजेश कुमार ने अपना जन्मदिन राजेश स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन के दिव्यांग



बच्चों के साथ केक काट कर मनाया इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने गाना गाया डांस किया सभी बच्चों को मिठाई नमकीन समोसे वितरित किए गए खाने पीने की इतना ढेर सारा सामान पाकर के दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिल गए सभी दिव्यांग बच्चों ने समाजसेवी के अच्छे स्वास्थ्य अच्छे समाजसेवा और मानव सेवा की कामना की इस शुभ अवसर पर संस्था की सचिव किरण विशेष शिक्षिका हेमू वर्मा राजेश गुप्ता लाडनूं गुप्ता रिशु गुप्ता एवं सभी दिव्यांग बच्चो समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## डकैती की योजना बनाते हुए चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डकैती की योजना बनाते हुए चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिंदा कारतूस, 02 मोटरसाइकिल, 03 मोबाईल, पेचकस, पिलास, हथौडी, छेनी आदि बरामद किया है। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा 04 शातिर लुटेरो को गिरफ्तार किया गया। थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित अभियुक्त, व अवैध वाहन/संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर लुटेरे जिन्होने बदलापुर क्षेत्र में कई छिनैती की घटना को अंजाम देते रहते है, आज फिर एक बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में डकैती की योजना बना रहे है, यदि जल्दी किया जाय तो उनको पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर के पुलिस टीम द्वारा आदर्श फिलिंग स्टेशन के बगल में बने सरायत्रिलोकी की तरफ जाने वाले रास्ते से 200 मीटर अंदर की तरफ स्थित अहाते में चार शातिर लुटेरे बदलापुर में स्थित सर्राफा की दुकान की लूट की योजना बनाते हुए लुटेरे अभियुक्तों 1–सूरज यादव पुत्र अमृत लाल यादव नि0ग्रा0 सरायभिखारी थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ 2–अंकित यादव पुत्र बाबूलाल यादव नि0 हरिकापूरा उर्फ हरीपुर थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ 3–सौरभ तिवारी पुत्र विनोद तिवारी नि0 हरिकापूरा उर्फ हरीपुर थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ 4– नवीन यादव पुत्र प्रेमचन्द्र यादव नि0ग्रा0 किलाई थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ को बिती रात्रि गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से डकैती करने के औजार, मोटरसायकिल, तमंचा आदि बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1–सूरज यादव पुत्र अमृत लाल यादव नि0ग्रा0 सरायभिखारी थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ 2–अंकित यादव पुत्र बाबूलाल यादव नि0 हरिकापूरा उर्फ हरीपुर थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ। 3–सौरभ तिवारी पुत्र विनोद तिवारी नि0 हरिकापूरा उर्फ हरीपुर थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ। 4– नवीन यादव पुत्र प्रेमचन्द्र यादव नि0ग्रा0 किलाई थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ। बरामदगी का विवारण – 1–दो मोटरसाइकिल। 2– एक तमंचा .315 बोर। 4– दो जिंदा कारतूस .315 बोर। 3– पांच मोबाईल। 4– लोहे की राड, पेचकस, कुंभी व नगद रुपयें



बरामद । आपराधिक इतिहास– 1–सूरज यादव पुत्र अमृत लाल यादव नि0ग्रा0 सरायभिखारी थाना आसपुर देवसराप्रतापगढ। 1–मु0अ0सं0–002/2019 धारा 307/504/506 भादवि थानासिगरामऊ, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–004/2019धारा3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिगरामऊ, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–42ध्2019 धारा 3(1) यू.पी. गैगेस्टर एक्ट थाना सिगरामऊ, जौनपुर। 4–मु0अ0सं0 036/2020 धारा 147/148/149/323/504/506 भादवि थाना सिगरामऊ जौनपुर। 5– मु0अ0सं0 068/2023 धारा 399/402 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 2–अंकित यादव पुत्र बाबूलाल यादव नि0 हरिकापूरा उर्फ हरीपुर थानाआसपुर देवसरा, प्रतापगढ। 1–मु0अ0सं0–050/2022 धारा147/148/149/307 भादविथानाकरौदीकला,सुल्तानपुर। 2–मु0अ0सं0 068/2023 धारा 399/402 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 3–सौरभ तिवारी पुत्र विनोद तिवारी नि0 हरिकापूरा उर्फहरीपुर थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ। 1–मु0अ0सं0– 188/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थानाकोतवाली नगर, सुल्तानपुर। 2– मु0अ0सं0 068/2023 धारा 399/402 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 4–नवीन यादव पुत्र प्रेमचन्द्र यादव नि0ग्रा0 किलाईथाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ। 1–मु0अ0सं0–092/2019 धारा286/323/ 504/506 भादवि थाना आसपुर देवसरा,प्रतापगढ। 2–मु0अ0सं0–230/2020 धारा323/504 भादवि थानाआसपुर देवसरा, प्रतापगढ। 3–मु0अ0सं0–247/2017 धारा 323/504 भादवि थाना नबाबगंज प्रतापगढ। 4– मु0अ0सं0 068/2023 धारा 399/402 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर।

## प्रो.भरतराज सिंह व शरद सिंह की प्रेरणा रंग लाई : 5 रुपये की हवा से चलेगी 40 किलोमीटर


ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : प्रदूषण वर्तमान समय में सम्पूर्ण विश्व के लिए एक बहुत बड़ी समस्या है, जो आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत समाज में तेजी से फैल रहा है। प्रदूषण के कारण वातावरण दिन–प्रतिदिन खराब होता जा रहा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत एक घनी जनसंख्या वाला देश है। हालांकि भारत की जनसंख्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। प्रदूषण की वजह से पृथ्वी पर मौजूद जीव–जन्तुओं को विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही प्रदूषण के कारण प्राकृतिक संतुलन में भी दोष पैदा हुआ है। बढ़ते प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए चिंतित भारत सरकार ने डीजल गाड़ियों पर रोक लगा दी है और ई–बाइक पर जोर दे रही है। इसी क्रम में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के छात्रों ने प्रोफेसर भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी) के मार्गदर्शन और सचिव शरद सिंह की प्रेरणा से हवा से चलने वाली कमाल की एयर–ओ–बाइक बनाई है। यह बाइक पांच रुपये की हवा से 40 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। अगर यह बाइक मार्केट में आ गयी तो इससे न सिर्फ पैसे की बचत होगी वरन बढ़ते प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। इस महत्वपूर्ण आविष्कार के प्रणेता, एसएमएस के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह ने बताया कि वाहन सार्वजनिक परिवहन का एक प्रमुख स्रोत हैं, इस तरह की तकनीक को उत्सर्जन में काफी हद तक कटौती करने के लिए नियोजित किया जा सकता है। भारत, चीन आदि जैसे विकासशील देशों में उत्सर्जन का प्रमुख स्रोत हल्के वाहन हैं और इसका योगदान लगभग 77.8 प्रतिशत है। इस तकनीक में शून्य प्रदूषण को देखते हुए वर्तमान उत्सर्जन का 50 से 60 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। एयर बाइक एक एयर टर्बाइन चलाकर शक्ति विकसित करती है, जो भंडारण सिलेंडर से संपीड़ित हवा का उपयोग तरल पदार्थ के रूप में करती है। यह वर्तमान में मोटरसाइकिलों पर लगे आंतरिक दहन इंजनों को प्रतिस्थापित करता है। एक बार संपीड़ित हवा (20 बार के दबाव के साथ) से भर जाने के बाद, प्रस्तावित एयर टर्बाइन और एयर टैंक मोटरसाइकिल को 40 मिनट तक चला सकते हैं। लंबे समय तक चलने के लिए पर्याप्त हवा को स्टोर करने के लिए उच्च क्षमता वाले एयर टैंकों को आकार देना और फिटिंग करना होगा। प्रो. सिंह ने बताया कि हालांकि, यह वर्तमान में एक बड़ी बाधा के रूप में है। अभी के लिए, इस तरह के वाहन का उपयोग करने वाले व्यक्ति को अपने टैंक को संपीड़ित हवा से भरने के लिए हर 30 किमी (19 मील) के आसपास रुकना होगा। संपीड़ित हवा भरने वाले स्टेशनों के वांछित बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होगी और इस संपीड़ित वायु प्रौद्योगिकी के सफल कार्यान्वयन पर इसे बनाया जा सकता है। अंतिम लक्ष्य हवा को संपीड़ित करने और न केवल हल्के वाहनों बल्कि घरेलू उपकरणों को चलाने के लिए सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग करना है। उक्त अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि यदि इस तकनीक को विकासशील देशों में व्यापक रूप से लागू किया जाता है, तो यह 50 से 60 फीसदी कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाया जा सकता है और अंततः ग्लोबल वार्मिंग के मुद्दे को काफी हद तक रोका जा सकता है।

## स्वास्थ्य ही धन है –डॉ जितेन्द्र सिंह

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठवें दिन प्रातः काल शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ–सफाई की । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ । सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत, लक्ष्य गीत के साथ योग, व्यायाम किया । इसके बाद 'स्वास्थ्य जागरूकता रैली' निकालकर अभिगृहीत दलित बस्ती, जमौली के ग्रामवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया । इस रैली को हरी झंडी दिखाकर गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर बीएड विभागाध्यक्ष, डॉ पंकज सिंह ने गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया । रैली के बाद स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने भोजन एवं विश्राम किया। शिविर के दूसरे सत्र में बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बौद्धिक सत्र का शुभारंभ , गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर के बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रो0 डॉ0 लालमणि प्रजापति ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना स्वयंसेविका प्रगति मिश्रा तथा स्वागत गीत अंशू दुबे और प्रगति मिश्रा तथा राष्ट्र गीत उर्वशी सिंह ने प्रस्तुत किया । भक्ति गीत शिखा सिंह एवं अन्नू सिंह ने प्रस्तुत किया । स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने दहेज प्रथा पर एकांकी प्रस्तुत किया ।मुख्य अतिथि डॉ लालमणि प्रजापति ने राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया । कि समाज में स्वयं को स्थापित करने के लिए पाठ्य सहगामी क्रियाओं के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्वपूर्ण योगदान है । विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य का महत्व बताया साथ ही यह भी कहा कि 'स्वास्थ्य ही धन है' ।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंद्र बहादुर सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह विशेन ने किया।

## शहर में आधी अधूरी सड़क निर्माण बनी राहगीरों के लिए मुसीबत : कही पर गड्ढों में तब्दील सड़क तो कही सड़कों का अधूरा निर्माण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या नगर निगम के अधिकतर वार्डों में टूटी फूटी सड़कें शहर वासियों के लिए काफी मुसीबत बनी हुई है।वही बची खुची कसर वे ठेकेदार भी पूरी कर दे रहे हैं जो एक साथ कई सड़क निर्माण का ठेका तो ले ले रहे हैं परंतु परंतु निर्धारित समय के भीतर उक्त सड़कों का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। जिसके चलते वे आधी अधूरी सड़क का निर्माण कराकर उसे बीच में ही छोड़कर दूसरी सड़क का निर्माण कराने में जुटे हुए हैं।आधी अधूरी सड़क निर्माण के कारण उधर से आने जाने वाले राहगीरों को इस समय काफी परेशानी हो रही है।अयोध्या नगर निगम में नव सृजित वार्ड साकेत नगर – साकेत पुरी से होते हुये लखनऊ गोरखपुर हाईवे को मिलाने वाली संपर्क मार्ग की इस समय काफी दयनीय स्थिति है।इस सड़क के बीच बड़े बड़े गड्ढे होने के चलते यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि वास्तव में यह सड़क गड्ढे के बीच है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस मार्ग पर छोटे बड़े हॉस्पिटल आधा दर्जन से अधिक स्कूल कॉलेज, मंदिर गेस्ट हाउस आदि स्थित है। जिससे इस मार्ग से रोजाना अधिक संख्या में छोटे–बड़े स्कूली बच्चों बच्चों, मरीजों, श्रद्धालुओं आवाजाही लगा रहता है।वही यह मार्ग लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को भी जोड़ता है। जिससे इधर से छोटे बड़े वाहनों का भी आवाजाही लगा रहता है।इस सड़क की दशा तो यह है इसका अंदाजा यह सड़क देखकर ही लगाया जा सकता है कि वास्तव में सड़क के बीच में गड्ढा है कि गड्ढे के बीच सड़क है जगह–जगह गड्ढे इस सड़क की शोभा बढ़ा रही है।आये दिन यहां पर कोई न कोई राहगीर गिरकर घायल होते हैं। इस वार्ड से संभावित भाजपा वार्ड प्रत्याशी संतोष श्रीवास्तव उर्फ दीपा श्रीवास्तव के साथ साथ सामाजिक



कार्यकर्ता अनिल श्रीवास्तव उर्फ राजू ने बताया कि वास्तव में इस सम्पर्क मार्ग की दशा काफी दयनीय है।जो बहुत ही गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या को कई बार संबंधित अधिकारियों व कर्मियों से बताई गई परंतु समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।वही इस वार्ड के स्थानीय लोगों ने वर्तमान समय में प्रधान के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि देवकाली के प्रधान आज तक इस सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जिसके चलते आज तक यह गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है।वही इसी तरह रानोपाली में दिखाई दे रही है। लोगों ने इस सड़क का निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार की लापरवाही के चलते इस सड़क का निर्माण अधर में लटका हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अयोध्या रानोपाली स्थित इस मार्ग का निर्माण कार्य ठेकेदार आलोक जायसवाल करा रहा है।जिनके नेतृत्व में पिछले तीन माह से काम चल रहा है अब लगभग एक माह से रोड़ पर गिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया।जिससे वहां के निवासियों को आने जाने में परेशानी हो रही है उनके छोटे बड़े वाहन ले जाने में परेशानी हो रही है ठेकेदार फोन भी नही उठाते। वही स्थानीय लोगों की मांग है जनता के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग का निर्माण जल्द से सही कराया जाय।

## डाक विभाग द्वारा "अपने प्रियजन के नाम पत्र" शीर्षक पर पत्र लेखन प्रतियोगिता का होगा आयोजन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डाक मण्डल कार्यालय में पत्र लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत "अपने प्रियजन के नाम पत्र" शीर्षक पर पत्र लेखन प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने बैठक किया। पत्र लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत "अपने प्रियजन के नाम पत्र" शीर्षक के अंतर्गत दादा दादी, माता पिता, नाना नानी आदि को पत्र लेखन के लिए प्रतियोगिता 15 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित की गई है । इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को चार वर्ग में विभाजित किया गया है। जूनियर ग्रुप में 8 से 12 तथा 13 से 18 वर्ष उम्र के बच्चे तथा सीनियर ग्रुप में में 19 से 40 वर्ष तथा 41 से 60 वर्ष उम्र के व्यक्ति प्रतिभाग कर सकते है । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी ।–4 पेपर पर 500 शब्द लिखकर लिफाफा के अन्दर रखकर किसी भी डाकघर से स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रवर अधीक्षक डाकघर, अयोध्या मण्डल, अयोध्या– 224001 के पते पर 31 मार्च 2023 तक प्रेषित कर सकते है । 01 अप्रैल के बाद पोस्ट किए गए पत्रों को स्वीकार नही किया जाएगा। पत्र लेखन प्रतियोगिता में मात्र हस्त लिखित पत्र ही स्वीकार किया जाएगा। पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी को यह घोषणा करना होगा कि उसकी उम्र दिनांक 01. जनवरी 2023 को आयु क्या है। आयोजित बैठक के दौरान अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने बताया कि पत्र लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत "अपने प्रियजन के नाम पत्र" शीर्षक पर दादा दादी, माता पिता, नाना नानी आदि को पत्र लिखा जाना है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को अपने परिजनों को पत्र लिखवाकर उनके अन्दर पत्र लिखने का भाव व अपनों के प्रति प्रेम के उद्‌गार जानना हैं । साथ ही साथ उनके अन्दर अपनों को पत्र लिखना, अपने प्रिय के पत्रों का सयोंजन का अपनों के प्रति प्रेम की भावना जागृत करते हुए सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, टिविटर से दूर हटकर पत्र लेखन के प्रति अभिरुचि को बढावा देना है । उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के क्रान्ति युग में आज की युवा पीढ़ी में पत्र लेखन के प्रति रुचि कम होती जा रही है एवं केवल प्रतियोगी परीक्षा के लिए ही छात्र पत्र लेखन का अभ्यास करते है जबकि पूर्व में एक–एक शब्द पर गहनता से विचार करके हृदय के उद्‌गारों को पत्र पर लिखा करते थे जो पाठक के हृदय को भाव विभोर कर दिया करता था। पत्र लेखन के लिए शब्दो का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है जबकि आज कल बहुत ही संक्षेप में लोग अपनी बात करते व लिखते हैं। साथ ही श्री सिंह ने यह भी बताया कि इस पत्र लेखन प्रतियोगिता में मूल्यांकन के आधार पर चारों ग्रुपों में तीन तीन प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय व तृतीय में चयनित किया जाएगा तथा सभी ग्रुप में तीन तीन सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा जिन्हें मण्डल स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 31 मार्च है पत्र को किसी भी डाकघर से स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रवर अधीक्षक डाकघर, अयोध्या मण्डल, अयोध्या– 224001 को प्रेषित कर सकते हैं ।

## पांच मूल्यांकन केंद्रों पर 2022 परीक्षक करेंगे इंटर व हाईस्कूल बोर्ड कापियों का मूल्यांकन : 18 मार्च से 4 अप्रैल तक तक चलेगा कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इंटरमीडिएट व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की कॉपियो का मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरे की नजर में शहर के कुल पांच मूल्यांकन केंद्रों पर होगी।इन पांचों मूल्यांकन केंद्रों पर 2022 परीक्षको की तैनाती की गई है।इन मूल्यांकन केंद्रों की वेबकास्टिंग के माध्यम से इसका लाइव टेलीकास्ट भी किया जाएगा जो सीधे बोर्ड परीक्षा नियंत्रक केंद्रों से जुड़ा रहेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि इस बार शहर में कुल पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।जिनमें 2022 परीक्षक इंटर और हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे।उन्होंने बताया के शहर में दो मूल्यांकन केंद्रों पर इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन होगा वही तीन मूल्यांकन केंद्रों पर हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन होगा। राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में तैनात 466 परीक्षक और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या में तैनात 339 परीक्षक इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे।वही एम एल एम एल इंटर कॉलेज अयोध्या में 503 परीक्षक एमपीएलएल आदर्श इंटर कॉलेज अयोध्या में 369 परीक्षक तथा राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज अयोध्या में 345 परीक्षक हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की कॉपियो का मूल्यांकन करेंगे।इन पांचों मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 2022 परीक्षकों की तैनाती की गई है।उन्होंने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन की पारदर्शिता बनाने हेतु सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक मोबाइल नहीं ले जा सकते हैं।सभी मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षको की सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जाये।उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से प्रारंभ होकर 4 अप्रैल तक चलेगा।

## डीसी मनरेगा ब्लॉक अमानीगंज का किया गया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डीसी मनरेगा सविता सिंह ने मंगलवार को दोपहर बाद ब्लॉक अमानीगंज का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने समस्त कर्मचारियों को अपने रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए ।मंगलवार की दोपहर बाद डीसी मनरेगा सविता सिंह अचानक ब्लॉक पहुंची उन्होंने क्रमवार प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की अलग–अलग पटल के कर्मचारियों से जानकारी ली इस, दौरान कुछ फाइलों में खामियां भी मिली जिन्हें अभिलंब दुरुस्त करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए । उन्होंने खंड विकास अधिकारी सीपी उपाध्याय और एडीओ पंचायत हरेंद्र सिंह को ब्लॉक परिसर .को साफ सुथरा रखने के निर्देश भी दिए हैं वही ब्लॉक में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर ग्राम पंचायत अधिकारी और मनरेगा के तकनीकी सहायक की मीटिंग भी ली । डीसी मनरेगा ने कहां की शासन की योजनाओं को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायतों में अधूरे कार्यों को पूरा कराएं विकास कार्यों में लापरवाही करने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही कर दी जाएगी वही कटघरा में मनरेगा से बने इंटरलॉकिंग का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा सविता सिंह खंड विकास अधिकारी सीपी उपाध्याय एपीओ चंद्र प्रकाश मिश्र तकनीकी सहायक राजेश सिंह अनिल सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

## सीएमओ के सीएचसी मिल्कीपुर निरीक्षण के दौरान एक दर्जन कर्मी रहे गायब : चिकित्सा अधीक्षक को स्पष्टीकरण लेने के दिये निर्देश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने सीएचसी मिल्कीपुर का भ्रमण कर मरीजो से सीधे वहां पर तैनात कर्मियों के व्यवहार के साथ साथ वहां पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया।सीएचसी मिल्कीपुर भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा को आशीष कुमार शुक्ला डार्क रूम सहायक, बलवंत सिंह यादव एक्स रे टेक्नीशियन, वंदना, श्रीमती लालसा स्टॉफ नर्स, जितेन्द्र कुमार, अतुल कुमार सिंह एलटी संविदा, डा शालिनी गुप्ता एलएमओ संविदा,साधना स्टॉफ संविदा, अवधेश कुमार बैम, समरजीत बीपीएम, रोशनी एमसीटीएस ऑपरेटर, आर पी चतुर्वेदी एच ई ओ अनुपस्थित पाए गए।जिसके चलते इस सीएचसी की अव्यवस्था उजागर हो गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय राजा ने अनुपस्थिति मिले कर्मियों के प्रति कड़ी नाराजगी जताई और चिकित्सा अधीक्षक को अनुपस्थित स्टॉफ का स्पष्टीकरण लेने के साथ साथ स्पष्ट निर्देश दिये कि भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए।भविष्य में यदि कोई चिकित्सक या स्टॉफ बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित पाए जाए तो तत्काल स्पष्टिकरण प्राप्त करते हुए यथोचित कार्यवाही की जाए।अधीक्षक यह अवश्य सुनिश्चित करे कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को तत्काल समुचित उपचार मिले।सीएचसी मिल्कीपुर के भ्रमण के साथ साथ देवगाँव में नवनिर्मित 50 शैय्या चिकित्सालय का भौतिक निरीक्षण कर वहां पर मौजूद कर्मियों को



इसे शीघ्र लाने का निर्देश दिया। जिससे जल्द से जल्द चिकित्सालय का संचालन सुनिश्चित कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएससी पर इलाज के लिए आए मरीजों को बेहतर इलाज, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, इसके साथ ही साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों, हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ कि समय से उपस्थिति दवाओं की पर्याप्त मात्रा मात्रा की उपलब्धता सभी उपलब्ध लैब जांच सेवाएं, प्रसव सेवाएं, परामर्श सेवाएं एवं इमरजेंसी सेवाएं दुरुस्त रखने और इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को एक समान रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जो भी शिकायत हो उसे सुने और उसका निस्तारण भी सुनिश्चित करें जिससे आमजन में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति किसी भी प्रकार की नकारात्मक छवि ना बने और अस्पताल में आए मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और कष्ट ना हो।

## रूदौली में श्रीश्याम महोत्सव का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली नगर में श्रीश्याम भक्ति मंडल रुदौली के तत्वाधान में लगातार तृतीय वर्ष श्रीश्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में सुबह से ही श्यामभक्त सराबोर दिखे। सुबह बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा निकली गयी वहीं शाम में बाबा श्यामके भजनों पर भक्त खूब झूमे। इस मौके पर पूरा कस्बा बाबा श्याम की भक्ति में रंगा नजर आया। श्याम निशान यात्रा में महिलाएं, बच्चों सहित पुरुष श्रद्धालुओं ने हाथों में बाबा के निशान उठाकर शिरकत की व अन्य श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों पर मस्ती के साथ नाचते झूमते हुए नजर आए। यात्रा की शुरुआत पं. हरीश शास्त्री, पं. जुगल किशोर शर्मा द्वारा श्रीश्याम की पूजा अर्चना के बाद रामलीला मैदान से रवाना होकर कोठी, कटरा, नवाब बाजार, टेढ़ी बाजार व नयागंज होते हुए निशान यात्रा वापस रामलीला मैदान पहुंची। इस दौरान कस्बे में जगह–जगह यात्रा का स्वागत पुष्प, गुलाल वर्षा व इत्र से किया गया, मिष्ठान व जलपान भी वितरित किए गए। यात्रा रामलीला मैदान पहुँचकर श्रीश्याम की प्रतिमा को भव्य मंडप में स्थापित कर पूजन अर्चन किया गया। वही शाम कोभजन संध्या में बरेली की गायिका अपर्णा मिश्रा, गायक अनंत मिश्र व सीतापुर से अनुराग रोशन ने प्रभु के भजनों से सबकोभक्तिमयकर दिया। श्रीश्याममहोत्सव में भाजपा जिला महामंत्री अशोक कसौंधन, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, अजय कुमार गोयल, समाजसेवी संजय अग्रवाल, अशोक कुमार गर्ग, सुधीर सिंघल, लालजी आर्य, सुनील खेतान, श्रीश अग्रवाल, , नितेश अग्रवाल, बनारसी अग्रवाल, मनीष चौरसिया, रामजी अग्रवाल, विपिन गुप्ता, सतीश वैश्य, नीलमणि अग्रवाल, प्रेमहरि आर्य, विष्णु अग्रवाल, ओम प्रकाश डालमिया, राजेश बंसल, अमरदीप सोनी, मानस गोयल, प्रकाश चंद्र अग्रवाल, दीप रस्तोगी, शिवम गुप्ता, नीलेश अग्रवाल, रामकिशोर गुप्ता, सभासद उमाशंकर कसौंधन, आशीष वैश्य, संदीप नवीन शुक्ला, सूरज चौरासिया, रघुकुल अग्रवाल, राजेश गुप्ता, भाजपा नेता सचिन कसौंधन, हिमांशु गर्ग, पत्रकार आशीर्वाद गुप्ता, सक्षम, प्रणव, आयुष, विनायक, नारायण, व आयुष्मान आदि मौजूद रहे। महोत्सव में कोतवाल धर्मेंद्र सिंह, किला चौकी प्रभारी प्रमोद यादव, नयागंज चौकी प्रभारी अविनाश चंद्र, उपनिरीक्षक इश्हाक खां सहित पुलिस बल मुस्तैद दिखी। भक्तिमंडल के मीडिया प्रभारी विष्णु अग्रवाल व नवनीत रस्तोगी ने पुलिस बल का विशेष धन्यवाद किया।

## श्रीराम जन्ममहोत्सव के अन्तर्गत खेल महोत्सव (प्रेरित द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या) में सहभागिता हेतु पंजीकरण शुरु

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् २०८० (२२ मार्च २०२३) दिन बुधवार से प्रारंभ हो रहा है । जिसके प्रारंभ के नौ दिवस चैत्र नवरात्रि के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाते हैं। श्री अयोध्या धाम में यह नौ दिवस अत्यंत महत्वपूर्ण है, श्रीराम नवमी को प्रत्येक वर्ष भगवान श्रीराम प्रकट्योत्सव मनाया जाता है, इस वर्ष श्रीरामनवमी का उत्सव विशेष है क्योंकि श्री रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। इस वर्ष श्रीरामनवमी पर राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की प्रेरणा से नववर्ष और राम नवमी के अवसर पर 22 मार्च 2023 से नयाघाट पर खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योग का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए आप पंजीकरण करें, जिससे आपकी व्यवस्था निश्चित हो सके आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र श्री अयोध्याधाम में आप सभी 22 मार्च 2023 से 27 मार्च 2023 तक कार्यक्रम में सम्मिलित हों। स्थान = भजन संध्या स्टेडियम राम की पैड़ी के बगल नया घाट अयोध्या नोटः दोनो दौड़ 22 /03/2023 को प्रातः 6:00 बजे भजन संध्या स्थल, अयोध्या से प्रारंभ होगी टी–शर्ट वितरण प्रातः 3:00 बजे से भजन संध्या स्थल पर होगी। सभी प्रतिभागियों को अपना आधार व रजिस्ट्रेशन प्रिंट लेकर आना होगा। मैराथन प्रतियोगिता (रन फॉर राम) में महिला तथा पुरुष दोनों वर्गों से प्रथम बीस विजेताओं को निम्नलिखित पुरस्कार धनराशि प्रदान की जाएगी। 21000, 15000, 11000, 7100, 5100, 5100६, 5100, 5100, 5100, 5100, 2100, 2100, 2100, 2100,2100, 1100, 1100, 1100, 1100 1100 साइकिल प्रतियोगिता में महिला तथा पुरुष दोनों वर्गों से प्रथम दस विजेताओं को निम्नलिखित राशि प्रदान की जाएगी। 5100, 4100, 3100 , 2100, 1100, 1100, 1100, 1100, 1100, 1100 https%//forms-gle/4sTnvSFPwo7WDrJh9 संपर्क सूत्र :7007180751, 9451039214 9305539173 ,8400342003

## जीरो टॉलरेंस ही हमारी प्राथमिकता – प्रवीण कुमार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रेंज को अपराध मुक्त करने के साथ साथ पुलिस व जनता के बीच आपसी तालमेल बनाए रखना प्रमुख प्राथमिकता है।आगामी रामनवमी में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराने में कोई कोर कसर नहीं रहेगी।इसके लिए पुलिस कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।बुधवार को नवागत आईजी रेंज प्रवीण कुमार ने अपने कार्यालय में स्थित सम्मेलन कक्ष पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहीं। उन्होंने कहा अयोध्या जनपद खासकर राम जन्मभूमि अतिसवेदनशील श्रेणी में आता है जिसकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।इसके लिए बीच–बीच में वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों से बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था रखते हुए आपसी सामंजस बनाया जाएगा।बीच–बीच में बैठकर भी की जाती रहेंगी।उन्होंने बताया कि पुलिस जनता से मैत्रीपूर्ण आपसी सामंजस बनाए रखे।इसके लिए बीच–बीच में बैठक कर रेंज के सभी पुलिसकर्मियों दिशा निर्देशित जारी होते रहेंगे।उनके जिलों में फरियादियों को न्याय तुरंत मिले ही मिले।थाना दिवस पर राजस्व से संबंधित जितने भी मामले में उसका भी निपटारा कम समय में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से पुलिस करें।उन्होंने बताया कि प्रायः यह देखा जाता है कि जब कोई फरियादी राजस्व से संबंधित समस्या लेकर थाना दिवस पर जाता है तो वहां के पुलिसकर्मी यह मार्क कर देते हैं के यह मामला राजस्व से संबंधित है इसका निपटारा राजस्व विभाग करेगा।इसके लिए रेंज के सभी थाना में विवाद रजिस्टर भी बनाने के दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे जिसको लेकर बेहद गंभीर हैं और वे सभी पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिये कि राजस्व से भी संबंधित जितने भी निपटारे हो उसका समाधान भी पुलिसकर्मी करें।उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि आगामी रामनवमी को सकुशल संपन्न कराना उनकी प्रथम प्राथमिकता है।इसके लिए वे आज बुधवार को राम जन्म भूमि के साथ–साथ अयोध्या का भी निरीक्षण किया था।रेंज में अपराध पर नियंत्रण करने के लिए उनका प्रयास ही रहेगा कि सबसे पहले उन अपराधियों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी जो अपराधी या तो जेल में है या फिर जमानत पर छूट कर जेल से बाहर हैं।सादे या पुलिस वर्दी में पुलिस कर्मियों द्वारा उन पर निगाह रखी जाएगी।अगर कोई भी अपराधी या जमानत पर छूटे अपराधी किसी भी आपराधिक घटनाओं में लिप्त होता पाया गया तो पुलिस उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करेगी ही वही उन जमानतदारों पर भी पुलिसिया कार्रवाई होगी।पत्रकार वार्ता के दौरान आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार ने अवैध कारतूस पर नियंत्रण रखने के लिए बताया कि शस्त्रों के दुकानों की भी सघन जांच की जाएगी क्योंकि अवैध हथियार तो बरामद हो जाते हैं लेकिन अवैध कारतूस कहां से आते हैं पता नहीं चलता।वही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से भी पुलिस सख्ती से निपट लेगी।इसके लिए उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों से मीडिया सेल पुलिस कठोर से कठोर कार्यवाही करेगी।

## ट्रेन की चपेट में आकर 50 वर्षीय किसान की हुई मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पटरंगा थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली करने जा रहे 50 वर्षीय किसान की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक पटरंगा थाना क्षेत्र के पटरंगा रेलवे स्टेशन से पूरब लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर बीती रात लगभग दस बजे ग्राम जखौली निवासी किसान भुल्लुर अपने खेत की रखवाली करने के लिए रोज जाता था।ग्राम प्रधान जखौली माता फेर चौरसिया ने बताया की भुल्लुर का खेत रेलवे लाइन के उसपार पड़ता था वह रोज की तरह अपने खेत की रखवाली करने जा रहा था।रात लगभग दस बजे रोज की तरह रेलवे लाइन पार कर अपने खेत की रखवाली करने जा रहा था तभी लखनऊ की ओर से अयोध्या की ओर जा रही जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष पटरंगा ओमप्रकाश ने बताया कि ग्राम जखौली निवासी भुल्लुर पुत्र छेदीलाल 50 वर्ष का खेत रेलवे लाइन के उस पार पड़ता है खेत की रखवाली करने जा रहा था जिसका ग्राम बुलबुलपुर से पटरंगा रेलवे स्टेशन की जानिब(पश्चिम)लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर रेलवे ट्रेक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।मृतक के शव को उपनिरीक्षक सुदर्शन आर्या ने पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

## एलआईसी के प्रचार–प्रसार को रवाना हुआ बीमा रथ

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मंगलवार को भारतीय जीवन बीमा निगम मंडल, फैजाबाद के अंतर्गत जनमानस में निगम की योजनाओ के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर फैजाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक चन्द्र सिह दास्पा ने रवाना किया। यह बीमा रथ मांडल के 09 जनपदों अयोध्या, अकबरपुर, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, गोंडा, जगदीशपुर, सुल्तानपुर एवं रायबरेली के प्रत्येक गली मोहल्ले में जाकर ऑडियो, पम्पलेट व फ्लेक्स प्रचार माध्यमो से जनता को बीमा की जागरूकता, आवश्यकता इत्यादि का व्यापक प्रचार करेगी। आज के समय में जब निर निरतर रोगों, दुर्घटनाओं एवं अनिश्चितता का माहौल है ये बीमा रथ लोगो का रुझान जीवन बीमा की तरफ आकर्षित करेगी। उचित समय पर निवेश के माध्यम से संचय एवं पेंशन योजनाओं का लाभ किस प्रकार बेहतर प्रबंधन एवं निवेश से किया जा सकता है इसको आम जनमानस तक पहुचने का लक्ष्य लेकर ये बीमा रथ प्रत्येक गाँव को स्पर्श करने का लक्ष्य लेकर चला है। विपणन प्रबंधक उमेश चन्द्र जैन ने बीमा रथ के माध्यम से युवाओं का आह्वान किया कि आज के परिवेश में जब युवाओ में अपने रोजगार के लिए चिंता है उन्हें आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने हेतु अभिकर्ता के रूप में स्वरोजगार के विकल्प हेतु जागरूक किये जाने हेतु बीमा रथ के साथ शाखा से विकास अधिकारी को भी सारथी के रूप में भेजा जा रहा है जिसका लाभ उठाते हुए युवा आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने हेतु तत्पर होंगे। बीमा रथ को भेजे जाने समय निगम के वरिष्ठ अधिकारी, अभिकर्ता एवं पालिसीधारक मौजूद रहे।

## ठेला संचालक का हसिया से वारकर काटा हाथ : गिरफ्तार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंगूरीबाग स्थित इंडियन बैंक के पास छोला–भटूरा और पूड़ी–सब्जी का ठेला लगाने वाले एक शख्स पर मंगलवार की शाम हसिए से हमला हुआ। हमले में उसका बायां हाथ कट गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया है और मौके से फरार हमलावर को हिरासत में लिया है। शाम लगभग 6:15 बजे रोज की तरह ठेला लगाने वाला नगर कोतवाली के ही ठठरहिया मोहल्ले का रहने वाला 44 वर्षीय समीर पुत्र भोनू रोज की तरह अपने काम में व्यस्त था। इसी दौरान एक शख्स मौके पर पहुंचा और उसने हसिए से समीर पर वार कर दिया। वार से बचने के लिए समीर ने बायां हाथ आगे किया तो उसका हाथ कट गया। घटना को लेकर मौके पर हलचल मच गई तथा हमलावर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से घायल को 6:53 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक का कहना है कि घायल की हालत गंभीर है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की खबर पर तत्काल घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर लालू यादव निवासी बछड़ा सुल्तानपुर अमानीगंज को पकड़ लिया है। प्रकरण में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।